न्यायालय सम्भागीय आयुक्त, बीकानेर सम्भाग, बीकानेर

श्रीमती कमला देवड़ा पत्नि श्री किसनलाल जी देवड़ा निवासी बीदासर बारी के बाहर, बीकानेर

बनाम

1. योगेश रावत पुत्र श्री बनवारीलाल रावत निवासी नई गजनेर रोड़ भुट्टों का चौराहा, बीकानेर।
2. नगर विकास न्यास बीकानेर जरिये सचिव, नगर विकास न्यास, बीकानेर।

किस्म मुकदमा :

अपील सं0 04/2022 (90ए) एल.आर. एक्ट GCMS No.– 2022/84

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिषीयन्स जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
26.12.2022	पत्रावली प्रस्तुत हुई। अभिभाषक अपीलान्ट श्री विवेक शर्मा अनुपस्थित। रेस्पोन्डेंट सं. 1 के अभिभाषक श्री प्रेम प्रकाश मदान व रेस्पोडेन्ट संख्या 2 के अभिभाषक श्री वेणुराज गोपाल पुरोहित उपस्थित। अभिभाषक अपीलान्ट एवम् अपीलान्ट के नाम रुक–रुक कर आवाज लगवाई गयी। बार–बार आवाज लगवाये जाने के बावजूद न तो अभिभाषक अपीलान्ट और न ही स्वयं अपीलान्ट न्यायालय में उपस्थित हुए। पूर्व में इस न्यायालय द्वारा अभिभाषक अपीलांट को अंतिम अवसर दिया जा चुका था, किन्तु इसके बावजूद भी अभिभाषक अपीलांट व अपीलांट आज उपस्थित नहीं हुए। अपीलान्ट द्वारा जरिये अभिभाषक न्याय की वांछा लेकर इस न्यायालय में यह अपील प्रस्तुत की गयी थी, किंतु अभिभाषक अपीलांट एवं अपीलांट की अनुपस्थिति अपील चलाने में उनकी अरुचि जाहिर करती है। अतः यह अपील अपीलान्ट अदम हाजरी में खारिज की जाती है। आदेश की प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का रिकॉर्ड वापिस प्रेषित होकर पत्रावली बाद तरतीब, तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश आज दिनांक 26–12–2022 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। संभागीय आयुक्त बीकानेर	